कबाड़ियों का अड्डा बना लाखों का रेल कोच रेस्टारेंट

करोड़ों की योजना बदहाली का शिकार, करीब डेढ़ साल से बंद पड़ा रेस्टोरेंट

नवभारत न्यूज

सतना, 13 जून. रेलवे स्टेशन को 24 घंटे संचालित होने वाले प्रमुख स्टेशनों में गिना जाता है। यात्रियों को दिन-रात खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेशन के बाहर रेल कोच रेस्टोरेंट की शुरुआत की गई थी, लेकिन करोड़ों की योजना अब बदहाली का शिकार हो चुकी है। करीब डेढ़ साल से बंद पड़ा यह रेस्टोरेंट अब नशेड़ियों का अड्डा बन गया है।

सतना रेलवे स्टेशन के बाहर बनाए गए रेल कोच रेस्टोरेंट की शुरुआत करीब तीन साल पहले बड़े उत्साह के साथ की गई थी। रेलवे की ओर से इस रेस्टोरेंट का उद्देश्य यात्रियों को 24 घंटे भोजन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इसके संचालन के लिए रेलवे ने लगभग 30 लाख रुपए प्रतिवर्ष की लाइसेंस फीस निर्धारित की थी।

जानकारी के अनुसार, पहली बार इस रेस्टोरेंट का संचालन जबलपुर की एक कंपनी ने लिया था। कंपनी ने कुछ स्थानीय लोगों को साथ लेकर इसकी शुरुआत की थी। लेकिन रेस्टोरेंट संचालन में रेलवे को भारी शुल्क देने के साथ-साथ कर्मचारियों, बिजली, रखरखाव और अन्य व्यवस्थाओं का खर्च भी लगातार बढ़ता गया। इसके मुकाबले आमदनी कम होने के कारण कंपनी को घाटा होने लगा। आर्थिक नुकसान के चलते कंपनी ने रेस्टोरेंट का संचालन बंद कर दिया और जगह छोड़ दी। इसके बाद रेलवे की ओर से अब तक नया टेंडर जारी नहीं किया गया। लंबे समय से बंद पड़े इस रेल कोच रेस्टोरेंट की देखरेख भी नहीं की गई, जिसके कारण अब इसकी हालत बदहाल हो चुकी है।

रेस्टोरेंट के भीतर और आसपास धूल जमा है, जबकि कई हिस्से खराब होने लगे हैं। रेलवे सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद इस संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। यही वजह है कि अब यह स्थान नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। यहां अक्सर लोग शराब पीते दिखाई देते हैं और शराब की खाली बोतलें वहीं फेंककर चले जाते हैं।

दूषित खाद सामग्री भी बिकती थी : अभिषेक

अभिषेक सेन ने बताया कि इस रेस्टोरेंट में खाने पीने के लिए सब कुछ मिलता था लेकिन कभी कभी 2 से 3 दिन पहले बनाई गई खाद सामग्री भी बेच दी जाती थी जिससे लोगों का आना जाना कम हो गया था। जब रेस्टोरेंट शुरू हुआ था ।तब अच्छी भी? जुटती थी

कहीं और नहीं जाना पड़ता था : सागर

सागर सिंह ने बताया कि यह रेस्टोरेंट जब शुरू हुआ था तब यात्रियों को 24 घंटे सुविधा मिलती थी और लोगों को खाने पीने के लिए इधर - उधर भटकना नहीं पड़ता था लेकिन यह रेस्टोरेंट काफी दिनों से बंद है। जिससे रेलवे स्टेशन आने वाले यात्रियों को सुविधा में कमी हो गई है।

नशे का अड्डा बन गया था : राहुल



राहुल सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन का रेस्टोरेंट होने के कारण ये 24 घंटे चलता था .कभी-कभी रात में इस रेस्टोरेंट में नशा करने वाले भी बैठने लगे थे .पुलिस कुछ करती नही थी .माहौल खराब होने लगा था .

चोरी करने घर में घुसे बदमाशों ने ले ली कुत्ते की जान

नवभारत न्यूज

सतना, 13 जून. सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्रेम विहार में शुक्रवार देर रात चोरी की नीयत से एक घर में घुसे बदमाशों ने एक पालतू डॉग की हत्या कर दी। अज्ञात चोर घर से कोई सामान तो नहीं चुरा सके, लेकिन भौंकने पर उन्होंने पामेलियन नस्ल के कुत्ते की जान ले ली।

शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना प्रेम विहार निवासी नितिन यादव के घर हुई। नितिन ने बताया कि शुक्रवार रात उन्हें अपने पालतू डॉग के लगातार भौंकने की आवाज सुनाई दी थी। आवाज सुनकर जब वे नींद से उठे और घर की लाइट जलाई, तो बदमाश घबराकर मौके से फरार हो गए। रात में परिवार को चोरी या डॉग की मौत का अंदाजा नहीं लगा। सुबह मृत मिला डॉग, गमले भी टूटे थे शनिवार सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे, तो उन्होंने घर के अंदर अपने पालतू डॉग को मृत अवस्था में पड़ा देखा। इसके साथ ही घर के बाहर रखे गमले भी टूटे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि घर में घुसे चोरों का जब डॉग ने भौंककर विरोध किया, तो बौखलाहट में उन्होंने उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

फुटेज खंगाल रही पुलिस

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आरोपियों की जल्द पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस अब आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। नितिन यादव के परिवार ने बताया कि यह डॉग पिछले कई वर्षों से उनके घर की सुरक्षा कर रहा था और परिवार के एक सदस्य की तरह था। उसकी इस क्रूर हत्या से पूरे परिवार में गहरा शोक है। वहीं, इलाके में चोरी के प्रयास और बेजुबान की हत्या की इस घटना से लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया है।

नाली सफाई की खुली पोल

जिला चिकित्सालय के सामने कचरे से पटी नालियां

नवभारत न्यूज

सतना, 13 जून. पिछले दिनों हुई बारिश से शहर में हुई जल भराव की समस्या सामने आने पर महापौर द्वारा निगम प्रशासन पर सुस्त और बेपरवाह कार्यशैली अपनाने के गंभीर आरोप लगाये गए थे। जिसके बाद से नाले नालियों की सफाई ने थोड़ी गति भी पकड़ी। लेकिन जिला चिकित्सालय के ठीक सामने जिस तरह नालियां कचरे से पटी हुई हैं, उससे ननि के स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल ख? होने लगे हैं।

यदि शहर में एक घंटे की लगातार बारिश हुई तो हालात कितने खराब हो सकते हैं इसकी बानगी कचरे से पटी नालियों के जरिए की जा सकती है। बाजार क्षेत्र सहित कई मोहल्लों और वार्डों में जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विशेष तौर पर जिला चिकित्सालय के ठीक सामने मौजूद नालियां गंदगी से पूरी तरह पटी हुई हैं। वहीं, नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण के कारण उनका रखरखाव और सफाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है, जिससे पानी का बहाव बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम का सफाई अमला बमुश्किल ही क्षेत्र में पहुंचता है। जब सफाई के लिए कर्मचारी आते भी हैं, तो नालियों पर अतिक्रमण का हवाला देकर औपचारिकता पूरी कर वापस लौट जाते हैं। सफाई कर्मचारियों और अधिकारियों का भी कहना है कि शहर के कई हिस्सों में नालियों के ऊपर अतिक्रमण होने से सफाई कार्य में भारी दिक्कत आती है।

नागौद राजघराना : वीडियो में बाबा राजा को पीटते दिखे ससुराल वाले

फायरिंग मामले में सामने आए 3 नए वीडियो, गोली लगने से घायल योगिता के भाई समेत 3 लोगों पर प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

सतना, 13 जून. नागौद राजघराने से संबंधित परसमनिया गढ़ी में हुए गोलीकांड के बाद अगले दिन तीन वीडियो सामने आए। इनमें से एक वारदात के समय का और शेष दो घटना के बाद के बताये गए। वहीं दूसरी ओर गोली लगने से घायल बहु योगिता के भाई समेत 3 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जबकि मारपीट में घायल बाबा राजा शनिवार को एमएलसी कराने के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचे।

पहले वीडियो में रूपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा के साथ उनकी ससुरालवाले मारपीट करते दिख रहे हैं। उनके कपड़े पूरी तरह फट चुके हैं। इस वीडियो में गोलियां चलने की आवाज सुनाई दे रही है। गोली दीवार पर लगने के बाद धुआं भी दिख रहा है। दूसरे वीडियो में गढ़ी की गैलरी के फर्श पर खून के धब्बे और कांच के टुकड़े दिखाई दे रहे हैं। ये कांच राजघराने के पूर्वजों वाले फोटो फ्रेम के हैं, जिनसे बाबा राजा के सिर पर वार किया गया था। तीसरा वीडियो गढ़ी के ठीक बगल में स्थित पेट्रोल पंप का है, जहां सामान टूटा-फूटा और बिखरा पड़ा है। इसी कड़ी में शनिवार को सामने आई नई जानकारी के अनुसार बहूरानी योगिता सिंह के भाई नागेंद्र सिंह राठौर निवासी उदयपुर राजस्थान और उनके दो साथियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई। 11जून को हुए घटनाक्रम के बाद 00: 57 बजे ही रूपेंद्र सिंह द्वारा एफआईआर दर्ज करा दी गई थी। लेकिन पुलिस ने इसे 24 घंटे से अधिक समय तक दबाये रखा।

गौरतलब है कि पुलिस को दिए बयान में योगिता की मां नरेंद्र कुमारी सिंह ने कहा- 11 जून की दोपहर करीब साढे 3 बजे योगिता और वे, उनके बेटे पृथु देव सिंह और भाई के साथ गढ़ी से अपना सामान लेने गए थे। वहां सुनीता ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद किया और लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर दी।

कांतिदेव सिंह के निधन से बिखराव बढ़ा

बताया गया कि जनवरी 2022 में रूपेंद्र के पिता कांतिदेव सिंह के निधन के बाद स्थितियां और बिगड़ गईं। इसके बाद उनके चाचा और विधायक नागेंद्र सिंह ने योगिता और उनके बेटे को नागौद किले में शिफ्ट करा दिया था। योगिता ने डेढ़ साल पहले भी सुनीता पर गढ़ी में मारपीट का केस दर्ज कराया था। रूपेंद्र सिंह की पत्नी योगिता सिंह भी सेना के परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता चरणजीत सिंह राठौर सेना में अफसर रहे हैं। भाई नागेंद्र सिंह राठौर भी सेना में हैं। श्रीमती योगिता तीन बार परसमनिया की सरपंच रहने के अलावा 2012 से 2016 तक भाजपा की सतना जिला उपाध्यक्ष भी रही हैं। पति से विवाद के बाद से वह अपना ज्यादातर समय बेटे के साथ मायके उदयपुर में बिता रही थीं।

एनजीओ से जुड़ी थी सुनीता

38 वर्षीय सुनीता सिंह नागौद के उमरी गांव की रहने वाली हैं। उनके पिता स्वर्गीय शीतला प्रताप सिंह सेना से रिटायर हैं। मां का निधन तब हो गया था, जब सुनीता करीब 6 साल की थीं। वह 2010-11 के दौरान उमरी गांव छोड़कर नागौद में किराए के मकान में रहने लगी थीं। ग्रेजुएशन के बाद सुनीता ने महिला और बाल अधिकारों के लिए कई एनजीओ के साथ काम किया। 2013-14 में उन्होंने संतोष देवी मानव विकास कल्याण समिति बनाई थी। सुनीता यूनिसेफ के प्रोजेक्टस और राज्य बाल अधिकार आयोग के साथ मिलकर भी काम कर चुकी हैं। बताया गया कि सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए सुनीता का संपर्क परसमनिया इलाके में बाबा राजा से हुआ था।

पूर्व भाजपा पार्षद के बेटे पर घर में घुसकर हमला

रात तीन बजे चाकुओं से किए कई वार, अस्पताल में उपचार जारी

नवभारत न्यूज

सतना, 13 जून. शहर की बिरला कॉलोनी में शनिवार तड़के एक पूर्व भाजपा पार्षद के बेटे पर जानलेवा हमला हुआ। अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर विशाल यादव को चाकुओं से कई वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। घायल का उपचार अस्पताल में जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 3 बजे हुई। पूर्व पार्षद के.एल. यादव अपनी पत्नी के साथ उत्तर प्रदेश के कुंडा प्रतापगढ़ गए हुए थे। उनके बेटे विशाल यादव घर में अकेले थे। गर्मी के कारण दरवाजा खुला रखकर सो रहे थे। इसी दौरान 7-8 युवक घर के अंदर घुस आए और उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने विशाल यादव की गर्दन सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकुओं से कई वार किए। हमले के बाद आरोपी उसे गंभीर हालत में छोड़कर मौके से भाग निकले। घायल विशाल पूरी रात घर में पड़े रहे।

पुलिस मामले की जांच कर रही है । परिजनों के सतना पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि घायल के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सुबह हुई पड़ोसियों को जानकारी

सुबह जब आसपास के लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले, तो उन्होंने विशाल को खून से लथपथ हालत में देखा। पड़ोसियों और दोस्तों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। विशाल को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे रीवा रेफर कर दिया गया। हालांकि, दोस्तों ने उसे शहर के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

सांसद ने मोदी कार्यकाल को बताया सुशासन और विकास की सरकार

नवभारत न्यूज

सतना, 13 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत शनिवार को नागौद विधानसभा क्षेत्र के भरहुत मंडल के गोवराव खुर्द में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर सतना सांसद गणेश सिंह ने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर जनसंवाद किया और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को साझा किया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से हुई। इस दौरान उन्होंने भरहुत मंडल अंतर्गत गोवराव खुर्द के भरहुत मोड में एक पेड़ मां के नाम से पौधों को रोपा। इस अवसर पर पर्यावरण सरंक्षण, जल संवर्धन, एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प दोहराते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संदेश दिया। ये रहे मौजूदभाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता पंकज सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रिषभ सिंह, राजेन्द्र दाहिया, रावेन्द्र सिंह पटवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, रजनीश लोधी, गीतेश्वर सिंह, शिवम बड?इया, कृपाशंकर जासवाल, विष्णु प्रताप सिंह, सुमंत सिंह परिहार, कौशल पाण्डेय, महेश सिंह, अखिल सिंह, उदयराज सिंह, हरीश कुशवाहा, बाबूलाल सेन, नीरज बड?इया, रजनीश लोधी, कपिल उर्मलिया, भागवेन्द्र सिंह, अतुल सिंह परिहार, सोमचंद्र ताम्रकार, प्रवल प्रताप सिंह, राघवेन्द्र रावत, आशीष कुशवाहा, सरोज गूजर, अनुराग सिंह गुड्डा, गुलाबचंद्र पाल, मनोज शर्मा, रणजीत सिंह, तरूण मिश्रा, एसडीएम सोमेश द्विवेदी, तहसीलदार ज्योति पटेल, सीईओ ओपी अस्थाना, राम सिंह परिहार, सहित अन्य मौजूद रहे।

जनकल्याण शिविर में 2209 आवेदनों का हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

सतना, 13 जून. नगर पालिक निगम सतना द्वारा आयोजित जनकल्याण शिविर 2026 के दूसरे चरण में रविवार को सामुदायिक भवन, भरहुत नगर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 450 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 389 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान की गई।

इसी कड़ी में शेष प्रकरणों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त आवेदनों में पेंशन एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से संबंधित प्रकरणों की संख्या सर्वाधिक रही। गौरतलब है कि मंगल भवन, धवारी में आयोजित प्रथम चरण में 2022 आवेदनों में से 1820 प्रकरणों के निराकरण के बाद दूसरे दिन भी शिविर को नागरिकों का उत्साहजनक देखने को मिला।

स्पीकर ने किया निरीक्षण

न नि सतना के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी 'पालन' ने शनिवार को शिविर का निरीक्षण कर विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को शासन की सेवाओं का लाभ सरलता और सहजता से प्राप्त हो सके। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य आदित्य यादव, समाजसेवी शारदा तिवारी, अजय यादव एवं समर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर-एसपी ने किया चित्रकूट मेला की तैयारियों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सतना 13 जून. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने शनिवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थल चित्रकूट पहुंचकर सोमवती अमावस्या मेले में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओ की पंहुचने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ मेले की सुरक्षा और कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान चित्रकूट के घाटों, कामतानाथ मंदिर, परिक्रमा स्थल सहित विभिन्न प्रमुखों चौराहों, आवागमन के मार्गों और स्थानों का भ्रमण किया। इस मौके पर एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर में

आर्यिका दुर्लभमति माताजी ससंघ का सतना में मंगल प्रवेश

सतना। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम साधक शिष्या एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की आज्ञानुवर्ती पूज्य आर्यिका श्री दुर्लभमति माताजी ससंघ (28 माताजी) का शनिवार, 13 जून को सायं 5 .30 बजे सतना नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आर्यिका संघ की मंगल अगवानी ऐलक श्री निश्चय सागर महाराज, ऐलक श्री निजानंद सागर महाराज, संघस्थ ब्रह्मचारीगण, प्रतिमाधारी श्रावकों तथा श्री सकल दिगंबर जैन समाज, सतना के सदस्यों द्वारा सर्किट हाउस चौराहे से की गई। नगर में प्रवेश के दौरान श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति ने वातावरण को धर्ममय एवं उत्साहपूर्ण बना दिया।

लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी प्रसाद वितरित

सतना। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा 11/06/2022से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के चार वर्ष पूर्ण होने पर आज 13/06/2026 शनिवार को श्री हनुमान जी ।मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।

एकेएस ने एनसीबी के साथ किया समझौता

नवभारत न्यूज

सतना, 13 जून. उद्योग एवं शिक्षाजगत के मध्य सहयोग को सुदृढ़ बनाने तथा सीमेंट एवं निर्माण क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एकेएस विश्वविद्यालय, सतना ने राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन निर्माण सामग्री परिषद , बल्लभगढ़, हरियाणा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह कार्यक्रम एनसीबी परिसर, बल्लभगढ़ में आयोजित किया गया।

एनसीबी भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत एक शीर्ष अनुसंधान संस्थान है, जो सीमेंट, कंक्रीट एवं भवन निर्माण सामग्री उद्योगों के लिए अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास, प्रशिक्षण, परामर्श तथा औद्योगिक सेवाओं के क्षेत्र में कार्यरत है। समझौता ज्ञापन पर 9 जून 2026 को एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के प्रो-चांसलर एवं चेयरमैन अनंत कुमार सोनी तथा एनसीबी, बल्लभगढ़ के महानिदेशक डॉ. एल. पी. सिंह ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। समझौते के अंतर्गत एकेएस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, औद्योगिक प्रशिक्षण तथा एनसीबी की उन्नत अनुसंधान सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। इस सहयोग की एक विशेष उपलब्धि सीमेंट टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक एनसीबी सीमेंट सिम्युलेटर पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे उन्हें आधुनिक सीमेंट निर्माण प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।

भाजपा का विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आज

नवभारत न्यूज

सतना, 13 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमो के अन्तर्गत आज 14 जून को व्यंकटेश लोक परिसर मे सायं 06 बजे विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मुख्यआतिथ्य एवं प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय, विधायक नागेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विक्रम सिंह विक्की, चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव, विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी के विशिष्ट आतिथ्य मे होने वाले इस सम्मेलन मे जिले के प्रबुद्धजन, व्यापारी बंधु, डाक्टर, इंजीनियर, स्वयं सेवी संस्थाओ, वकील, चार्टेड एकाएटेंट, शिक्षाविद, समाजिक संगठनो से संगोष्ठी एवं संवाद किया जायेगा।